दिन– बुधवार दिनांक– 26 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

विधानसभा में आज वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल और माले के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया। हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही बाधित हुई। आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही माले के महबूब आलम और सत्यदेव राम ने इस मामले को उठाया। कार्य स्थगित कर वक्फ विधेयक पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष ने हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने प्रश्नकाल शुरू कराया। इस दौरान विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचो–बीच आ गए। हंगामा जारी रहने के कारण अध्यक्ष ने दोपहर दो बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी। विपक्ष ने आज इसी मुद्दे को लेकर विधानसभा के मुख्य द्वार पर भी विरोध प्रदर्शन किया। इधर, विधान परिषद में भी विपक्ष ने इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की।

———————————————————

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नेतृत्व में प्रदेश के कई मुस्लिम संगठन वक्फ संशोधन बिल–दो हजार चौबीस के खिलाफ आज पटना के गर्दनीबाग में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मुस्लिम संगठनों ने समान विचारधारा वाले दलों से भी इस मामले में समर्थन देने की अपील की है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता, डॉ. एसक्यूआर इलियास ने कहा कि यह बिल धर्मनिरपेक्षता पर हमला है और यह सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के लिए लाया गया है। इधर, राजद अध्यक्ष अध्यक्ष लालू प्रसाद और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव धरना स्थल पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। लोक सभा सदस्य और आज़ाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आज़ाद भी पटना में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

———————————————————

बिहार एनडीए में शामिल दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक आज शाम नई दिल्ली में भाजपा सांसद संजय जायसवाल के आवास पर बुलाई गयी है। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के घटक दलों के बीच समन्वय को बेहतर बनाना

है। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ–साथ जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा–सेक्युलर और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरिष्ठ नेता तथा बिहार से एनडीए सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है।

———————————————————

निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में पहली बार एक लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों–बी.एल.ओ. के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कार्यक्रम का उद्‍घाटन किया। कार्यक्रम में बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के बीएलओ, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और जिला चुनाव अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि क्षमता निर्माण का यह अनूठा कार्यक्रम विभिन्न चरणों में जारी रहेगा। इनमें उन राज्यों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें चुनाव होने वाले हैं।

———————————————————

मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर अनुमंडल के तेघड़ा गांव में कौओ में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुयी है। पिछले दिनों यहां मृत पाये गए कौओ की भोपाल प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट पॉजिटीव आई है। इसके बाद प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में दवा के छिड़काव का कार्य शुरू कर दिया है। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर कमलदेव ने बताया कि आज केंद्रीय टीम तेघड़ा गांव पहुंच रही है। टीम मौके पर जाकर स्थिति का आकलन करेगी।

———————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में तापमान में वृद्धि से गर्मी का एहसास बढ़ा है। दिनभर तेज धूप के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान चौंतीस डिग्री सेल्सियस से सैंतीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, यहां का अधिकतम तापमान सैंतीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि प्रदेश के तापमान में अगले कुछ दिनों तक वृद्धि का सिलसिला जारी रहेगा।

———————————————————

शिवहर के जिलाधिकरी विवेक रंजन मैत्रेय ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत कौशल रथ को रवाना किया। ये युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करेगा।

बक्सर के महिला मंडल कारा में बंदियों के शिकायत निवारण के लिए बंदी दरबार का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।